## सार-समाचार

### पेसिफिक में पीजी के नए बैच का आगाज

**उदयपुर,**(कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के नए बैच का आज से विधिवत आगाज हुआ। इस दौरान नव आगंतुक छात्र छात्राओं का पारंपरिक रिति रिवाज से स्वागत किया गया। संस्थान के चेयरमैन राहुल अग्रवाल,ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल, सीईओ शरद कोठारी,विशिष्ठ अतिथि राजकुमार अग्रवाल, पेसिफिक मेडीकल विवि के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिसिंपल एवं नियत्रंक डॉ. यू.एस.परिहार,चिकित्सा अघीक्षक डॉ.सुनीता माहेश्वरी एवं सीमा कोठारी ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वल्लन करके किया। संस्थान के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा का कार्य है। इसमें समर्पण, मेहनत और करुणा की अत्यधिक आवश्यकता होती है। उन्होंने नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे आने वाले समय में समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। ऐक्जिक्यूटिव डायरेक्टर अमन अग्रवाल ने कहा कि पीजी कोर्स केवल एक शैक्षणिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह व्यावहारिक ज्ञान, अनुसंधान और नैतिक चिकित्सा प्रथाओं को अपनाने का महत्वपूर्ण अवसर भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस दौरान पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ.एम.एम.मंगल ने संस्थान की उपलब्धियों और चिकित्सा शिक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। पीएमसीएच के प्रिंसिपल एवं नियंत्रक डॉ. यू.एस. परिहार ने कहा कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए।

### चित्तौड़-बांद्रा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**कपासन**, (निसं)। कपासन रेलवे स्टेशन पर चित्तौड़-बांद्रा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग उठी है। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नन्दकिशोर टेलर सहित कार्यकर्ताओं ने सांसद सीपी जोशी को पत्र लिखा है।यह ट्रेन चित्तौड़ से बान्द्रा के बीच उदयपुर और अहमदाबाद होते हुए प्रतिदिन चलेगी। कपासन क्षेत्र से करीब 200 गांवों का सीधा संपर्क है। यहां के सैकड़ों व्यवसायी गुजरात और महाराष्ट्र में व्यापार और नौकरी करते हैं। इस ट्रेन के ठहराव से उन्हें सीधी और कम समय की यात्रा सुविधा मिल जाएगी। कपासन रेलवे स्टेशन का धार्मिक महत्व भी है। यह मालवा और मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थस्थल सांवरियाजी और शनिमहाराज के सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन है। साथ ही मेवाड़ का प्रयाग कहे जाने वाले मातृकुण्डिया भी यहीं स्थित है। इन तीर्थस्थलों पर रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में यहां ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### अवैध अफीम दूध सहित तस्कर गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध अफीम दूध तस्करी करने के मामले में बाइक सहित चालक को गिरफ्तार किया। जिलापुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुए बाइक चालक डबोक निवासी कैलाश पुत्र नाथुलाल के कब्जे से 252 ग्राम अवैध अफीम दूध बरामद कर गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

### एंबुलेंस के लिए 51 हजार का चैक दिया

**उदयपुर,** (कासं)। अंजुमन तालीमुल इस्लाम, उदयपुर की पहल पर उदयपुर नगर निगम क्षेत्र में मुस्लिम कौम (समाज) के घर पर कोई गमी (इंतकाल) हो जाने पर जनाजे को आखिरी सफर कब्र (कब्रिस्तान) तक पहुंचने के लिए एंबुलेंस की जरूरत महसूस की गई। जिसे खरीदने में करीब सात-आठ लाख रुपए का खर्चा आएगा। उसी के तहत आज खांजीपीर निवासी मोहम्मद सलीम शेख ने अकील अहमद,पूर्व पार्षद, हज कमेटी के सदस्य फिरोज अहमद शेख, खलील अहमद शेख के साथ 51हजार रूपए का चेक एंबुलेंस खरीदने के लिए अंजुमन कार्यालय मे सदर मुजीब सिद्दीकी, मौलाना जुल्करनैन साहब, अंजुमन के वरिष्ठ सदस्य नजर मोहम्मद मेवाफरोश, एडवोकेट अशफाक खान एडवोकेट नवेद को इमदाद के लिए सौपा। इस अवसर पर कमेटी के कई सदस्य मौजूद थे।

### अग्निकर्म चिकित्सा शिविर आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। आरोग्य समिति राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय में आयोजित 40वें निःशुल्क पंचदिवसीय आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। शिविर प्रभारी एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि पंचकर्म चिकित्सा शिविर में आयुर्वेदिक पंचकर्म विधियों से कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द, सायटिका, स्पॉन्डिलाइटिस, एड़ी का दर्द, माइग्रेन, फ्रोजन शोल्डर, बालों की समस्या एवं अन्य जटिल एवं जीर्ण रोगों का उपचार किया जा रहा है। औदिच्य ने बताया कि 28 मार्च को आयोजित शिविर में विषेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह हाडा द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा की अत्यंत प्रभावी अग्निकर्म चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उपचार किया जाएगा।

# सुदूर आदिवासी क्षेत्र मोरवल में जमी कलक्टर की चौपाल

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुंदा क्षेत्र के सुदूर आदिवासी क्षेत्र में अवस्थित मोरवल पंचायत के वाशिंदों के लिए बुधवार का दिन बेहद खास रहा। जिला प्रशासन के मुखिया जिला कलक्टर नमित मेहता अपने प्रशासनिक अमले के साथ ग्रामीणों के बीच पहुंचे। रात्रि चौपाल के इस मौके पर उत्साहित ग्रामीणों ने अपने अभाव अभियोग खुलकर कलक्टर के सामने रखे। जिला कलक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर मेहता बुधवार देर शाम जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर अरावली की पहाड़ियों के बीच स्थित पंचायत मुख्यालय मोरवल पहुंचे। यहां अटल सेवा केंद्र परिसर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया । जिला कलक्टर ने जाजम पर बैठे तथा एक तरफ ग्रामीण और दूसरी तरफ विभागीय अधिकारियों को बिठाया। कलक्टर ने एक पंच की भूमिका निभाते हुए ग्रामीणों को राहत प्रदान करने की कवायद की।

■ ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

मोरवल ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते जिला कलक्टर नमित मेहता।

ग्रामीणों ने चिकित्सा सुविधा के रूप में पंचायत मुख्यालय पर सिर्फ उप स्वास्थ्य केंद्र होने की जानकारी देते हुए डॉक्टर लगाने की मांग की। इस पर कलक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रस्ताव भेजने और उप स्वास्थ्य केंद्र पर जीएनएम की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। स्कूलों में कक्षा कक्ष की मांग पर डीएमएफटी में प्रस्ताव रखने और मरम्मत कार्य वाटर हार्वेस्टिंग के तहत करने के निर्देश दिए। मोरवल से कालुंदा गांव तक कच्ची सड़क को पक्की करवाने के लिए जिला कलेक्टर ने डीएमएफटी में प्रस्ताव रखने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पास ही से गुजर रही देवास तृतीय टनल का जिक्र करते हुए स्थानीय स्तर पर पेयजल एवं सिंचाई सुविधा की मांग रखी। इस पर कलक्टर ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों के साथ बैठकर संवाद करने और उचित हल निकालने का आश्वासन दिया। कुछ स्थानों पर रास्ते के बीच आ रहे विद्युत पोल हटाने एवं कम क्षमता के ट्रांसफार्मर को उच्च क्षमता में बदलने की मांग भी सामने आई। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौका मुआयना कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। पंचायत मुख्यालय पर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बदलने की मांग ग्रामीणों ने रखी, जिस पर जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने को कहा और विद्यालय के खेल मैदान हेतु भूमि आवंटन के प्रस्ताव भेजने के लिए तहसीलदार को निर्देश दिए। पशु उप स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन के स्थान पर नवीन भवन बनाने, मोबाइल नेटवर्क सुचारु करने, विभिन्न गांव के बीच सड़क संपर्क सुधारने, शमशान भूमि तक सड़क बनाने सहित कई अन्य परिवाद ग्रामीणों ने प्रस्तुत किया जिनके संबंध में उचित निराकरण का आश्वासन दिया। चौपाल में जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, गोगुंदा एसडीएम शुभम् भाईसारे सहित चिकित्सा, शिक्षा, जलदाय, विद्युत, रसद, कृषि, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय वार्षिक समारोह का शुभारंभ

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक विवि के विज्ञान औरतकनिकी संकाय में तीन दिवसीय वार्षिक समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। इस समारोह के पहले दिन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

खेल आयोजनों में मुख्य रूप से टग ऑफ वार, रिले रेस, थ्री लेग रेस और वन मिनट शो शामिल रहे। प्रतिभागियों ने अपनी ऊर्जा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे मैदान में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की टीमों ने अपनी ताकत और समन्वय का प्रदर्शन किया, वहीं रिले रेस में खिलाड़ियों ने अपनी गति और टीमवर्क का परिचय दिया। थ्री लेग रेस में प्रतिभागियों ने तालमेल और संतुलन बनाकर जीतने की कोशिश की। इसके अलावा, वन मिनट शो में छात्रों ने अपनी कला,

पेसिफिक विवि में वार्षिक समारोह का शुभारंभ हुआ।

कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का खूब मनोरंजन हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष विवि प्रेसिडेंट प्रो हेमंत कोठारी और विज्ञान एवं तकनिकी संकाय अध्यक्ष प्रो दिलेन्द्र हिरन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्रों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया। साइंस कॉलेज के डीन प्रो.रामेश्वर आमेटा व संकाय सदस्यों ने प्रतिभागियो का हौंसला बढ़ाया। कार्यक्रम के अतिथि फिजिकल कॉलेज के प्रिंसिपल हेमन्त पंड्या ने प्रतिभागियो को खेलो में निष्ठावान रहने की शपथ दिलवाई। संयोजक प्रवीण जागेटिया ने जानकारी दी की आने वाले दो दिनों में विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जो इस वार्षिक समारोह को और भी यादगार बनाएगा।

### अंतर्राज्यीय लूट गिरोह का पर्दाफाश

**डूंगरपुर**, (निसं)। बिछीवाडा थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय लूट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 4 किलो चांदी के जेवर और एक लूटी हुई बाइक बरामद की है। बिछीवाडा थाने के सब इंस्पेक्टर अब्दुल मुनाफ के अनुसार चुंडावाडा निवासी कालू डामोर ने 6 मार्च को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी की रात को वह एनएच-48 से बाइक पर घर लौट रहे थे। आमझरा गांव के पास चार बदमाशों ने उनकी बाइक रोककरए मोबाइल और 8 हजार रुपए की नगदी लूट ली थी। पुलिस ने मामले की जांच के लिए विशेष टीम बनाई। टीम ने शीशोद निवासी विजय उर्फ विजेश अहारी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने न सिर्फ इस वारदात को कबूल किया बल्कि राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती जिलों में की गई कई अन्य लूट की वारदातों को भी स्वीकार किया।

## सार-समाचार

### 18 दुपहिया वाहन जब्त, पांच गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह के पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किए गए अठ्ठारह वाहन जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह के बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिलरी सूचना के आधार पर दीपक पुत्र प्रकश गमेती निवासी गमेतियों का मोहल्ला पानेरियों की मादड़ी को दबोच कर पूछताछ की तो उसने अन्य गिरोह के बदमाश रामलाल पुत्र शंकर मीणा निवासी नीचला फला दई माता गोवर्धन विलास, रमेश डांगी पुत्र कन्हैयालाल डांगी निवासी बस स्टेण्ड गुडली डबोक,राजकुमार बंजारा पुत्र बालुराम निवासी ब्राम्हणों की बावड़ी गुडली डबोक, दीपजल राय पुत्र प्रकाशचन्द्र राय निवासी मुंगाणा कपासन चित्तोड़गढ के नाम बताए। जिन्हे गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 18 दुपहिया वाहनों को जब्त किया। जिनमें से 14 स्कूटी, 4 बाइक है। जिनमें से 5 वाहन भुपालपुरा थाना क्षैत्र से,4 अम्बामाता थाना क्षैत्र से, दो-दो सूरजपोल व सुखेर थाना क्षैत्र से एवं एक एक प्रतापनगर तथा हिरणमगरी थाना क्षैत्र से चोरी करना सामने आया है। गैंग का मुख्य सरगना दीपक गमेती निवासी पानेरियों की मादड़ी ने अपने साथ तीन नये साथियों को मिला कर नई गैग बना कर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना बताया।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। नौकरी दिलाने का झासा देकर पेय पदार्थ ने नशीली दवा पिला कर पीडिता के साथ दुष्कर्म कर खिचे गए वीडियों फोटों वायरल नहीं करने के एवज में रूपये मांगने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी ओडबस्ती मल्लातलाई अम्बामाता के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि जेल में परिचित से मिलने के दौरान आरोपी से संपर्क हुआ। अक्टूबर 24 में जेल से बाहर निकलने के बाद आरोपी मुझे नौकरी दिलाने के लिए शहर के एकांत में ले गया। जहां नशीली दवा पिलाने के बाद उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा फोटों वीडियों तैयार कर दिया। उसके बाद से आरोपी मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा तथा साथियों के साथ संबंध बनाने के लिए दबाव डालता रहता था। इस दौरान उसने वीडियों व फोटों वायरल नहीं करने के एवज में 5 लाख रूपये मांगना शुरू कर दिया तथा इनकार करने पर जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सविना थाना एसआई अजयराजसिंह को सौंपी है।

### सूने मकान से जेवरात चोरी

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का ताला तोड़ कर चोर सोने के जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थानाक्षैत्र सूर्यानगर तीतरडी निवासी पीडित आयुष पुत्र कन्हैया लाल दमामी के मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने की चेन, अंगुठी, टॉप्स सहित करीब आठ तोड़ा सोने के जेवर चुरा ले गए। आयुष परिवार सहित मसूरी की तरफ गए थे।20 मार्च रात में अज्ञात चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। तीन दिन बाद सूचना मिलने पर पीडित ने वापस लौट कर देखा तो ताला टूटा हुआ एवं जेवरात गायब थे। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल जितेन्द्रसिंह कर रहे है।

### जेवर चोरी, मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)।शहर के घंटाघर थाना क्षैत्र में स्थित मकान से चोर सोंने चांदी के जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार पीडित दिलिप गोस्वामी पुत्र नारायणपुरी निवासी सोलंकियों की घाटी सुलभ काम्प्लेक्स के पास रावजीका हाटा घंटाघर के सूने मकान का 12 मार्च को अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने की रकड़ी, चांदी की पायल दो जोड़ी, कान की बालियां चुरा ले गए। गत दिनों दिलिप परिवार सहित गांव चले गए थे वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो जेवरात गायब थे। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### नकदी हड़पी

**उदयपुर**, (कासं)। डबोक थाना पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ वीसी के लिए जमा कराई पीडित की नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ज्योति पुत्री अजुटनसिंह निवासी पालीवाल कॉलोनी एयरपोट रोड़ डबोक ने गणेश सेन पुत्र लादुलाल सेन उर्फ राजु लाल निवासी महादेव मंदिर के पास मेडता तथा उसकी पत्नी राधा सेन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपियों स्वयं सहायकता समूह चलाते के लिए वीसी का संचालन किया। इस पर मैने 2021 में आरोपियों के पास 1 लाख 80 हजार रूपये जमा करवाए थें निर्धारित समय से पहले आरोपी नकदी लेकर फरार हो गए।

# दुकान से सामान चोरी

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के सतीरामपुर गांव में एक किराना दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर दुकान के पीछे की ओर का दरवाजा तोडकर चोर अंदर घुसे। दुकान से 3 लाख रुपए से ज्यादा का परचून का सामान चुराकर ले गए। घटना को लेकर पुलिस अब चोरों की तलाश कर रही है। चोर दुकान में लगी डीवीआर भी निकालकर ले गए।सदर थाना क्षेत्र के सतीरामपुर गांव में बुधवार रात के समय चोरी की वारदात हुई।

किराना व्यापारी जितेंद्र कलाल ने बताया कि बुधवार रात के समय वह दुकान बंद कर अपने घर गया था। रात के समय चोर दुकान के पीछे का दरवाजा तोडकर अंदर घुसे। दुकान का पूरा परचून का सामान इधर से उधर बिखेर दिया। चोर दुकान से करीब 3 लाख रुपए से ज्यादा का परचून का सामान चुराकर ले गए। जिसमें तेल कार्टन,गुटखे, सिगरेट जैसे कई सामान हैं। घटना का पता गुरुवार सुबह के समय लगा। घटना के बाद लोग इकट्ठे हो गए। वही सूचना पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। व्यापारी ने बताया कि दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, लेकिन चोर कैमरे का डीवीआर भी चुराकर ले गए हैं। वहीं पुलिस अब घटना को लेकर चोरों की तलाश कर रही है।

### पोस्टर विमोचित

**उदयपुर,** (कासं)। हिंदू नववर्ष स्वागत के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत कलश यात्रा के तहत सुपर बाइक रैली से संबंधित पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर नमित मेहता ने किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव प्रशांत व्यास, सुपर बाइक रैली को लीड करने वाले वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और पिस्टल शूटर दीपक शर्मा एवं डॉ. बलदीप शर्मा, भारत विकास परिषद शाखा सचिव पद्मिनी भी मौजूद रहे।

# कपासन में ग्रामीणों ने पंचायत पुनर्गठन का किया विरोध

**कपासन,** (निसं)। कपासन में पंचायत पुनर्गठन को लेकर रघुनाथपुरा के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व सरपंच प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में एसडीएम राजेश सुवालका को ज्ञापन सौंपा गया।

■ पूर्व सरपंच प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में एसडीएम सुवालका को ज्ञापन सौंपा

ग्रामीणों ने बताया कि रघुनाथपुरा वर्तमान में उमंड पंचायत का हिस्सा है। नई योजना के तहत इसे भीमखंड पंचायत में जोड़ा जा रहा है। उमंड पंचायत गांव से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है। वहीं भीमखंड 5 किलोमीटर दूर स्थित है। उमंड में 12वीं तक का विद्यालय और सरकारी अस्पताल है। गांव के बच्चे वहीं पढ़ते हैं। ग्रामीण वहीं इलाज कराते हैं। रघुनाथपुरा की कृषि भूमि भी उमंड में स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि भीमखंड की अधिक दूरी से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी।रघुनाथपुरा की सीमा भीमखंड से नहीं जुड़ती है। इससे प्रशासनिक कार्यों में परेशानी होगी। ग्रामीणों ने उमंड पंचायत में ही बने रहने की मांग की है।इस अवसर पर प्रकाश चौधरी, मुबारक खान, पूर्व वार्डपंच सलीम खान, बाबू खान, शेर खान, भेरू लाल गाडरी, मुक़ाबिल खान, मुमताज खान, मांगू खान, शहजाद खान, रतनलाल गाडरी, अभिषेक चौधरी सद्दाम खान, वाहिद खान, मोहम्मद खान, रामलाल गाडरी, रतनलाल, किशन गाडरी, मुकेश जाट आदि मौजूद रहे। इसी तरह रायपुरिया गांव के निवासियों ने भी विरोध दर्ज कराया है।


क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
कलालवाटी, राजनगर, जिला-राजसमन्द- 313324
Website: www.environment rajasthan.gov in E-mail: rorpcb.rajsamand@gmail.com
क्रमांकः राप्रनिमं/राजसमन्द/जनसुनवाई/1999 दिनांक :- 05.03.2025

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई के लिये आम सूचना

1- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शक्तिसिंह हाडा, द्वारा क्वार्टज, फेल्सपार एण्ड ग्रेनाईट माइनिंग प्रोजेक्ट एम.एल. संख्या-56/2018, क्षेत्रफल 4.1862 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता-4,75,546 टीपीए (रोम), कलस्टर क्षेत्रफल-44.3699 हेक्टेयर, खसरा संख्या-304, 321, 304/1, 327/1, 327/2, 388, 389 एवं 418, निकट ग्राम- बिलाखी, तहसील-देवगढ़, जिला-राजसमन्द (राजस्थान) में प्रस्तावित है। कलस्टर में स्थित खनन पट्टे (1) मैसर्स श्री शक्तिसिंह हाडा, एम.एल. संख्या-56/2018, क्षेत्रफल 4.1862 हैक्टेयर,(2) मैसर्स पूजा एन्टरप्राईजेज, प्लॉट संख्या-03, क्षेत्रफल 1.3843 हैक्टेयर, (3) मैसर्स भगवती टाईल्स, प्लॉट संख्या-12, क्षेत्रफल 1.00 हैक्टेयर, (4) मैसर्स रॉयल व्हाईट माइनिंग प्रा.लि., एम.एल. संख्या 07/2015, क्षेत्रफल 3.00 हैक्टेयर, (5) मैसर्स श्री कृष्णा ग्रेनाईट्स, एम.एल. संख्या-08/2015, क्षेत्रफल 3.00 हैक्टेयर, (6) मैसर्स क्रिस्टल ग्रेनिटो, एम.एल. संख्या-04/2015, क्षेत्रफल 3.00 हैक्टेयर, (7) मैसर्स क्रिस्टल ग्रेनिटो, एम.एल. संख्या-05/2015, क्षेत्रफल 3.00 हैक्टेयर, (8) मैसर्स गायत्री ग्रेनाईट्स, एम.एल. संख्या-30/2013, क्षेत्रफल 3.00 हैक्टेयर, (9) मैसर्स शर्मा मिनरल्स एण्ड ग्रेनाईट, एम.एल. संख्या-42/2018, क्षेत्रफल 2.4609 हैक्टेयर, (10) श्रीमती सुनीता नाथावत पत्नी श्री युवराजसिंह अग्रवाल, एम.एल. संख्या-22/2018, क्षेत्रफल 2.5270 हैक्टेयर, (11) श्री सनी अग्रवाल पुत्र श्री अरूण कुमार अग्रवाल, एम.एल. संख्या-98/2018, क्षेत्रफल 1.6041 हैक्टेयर, (12) मैसर्स परम एसोसिएट्स, एम.एल. संख्या-42/2010, क्षेत्रफल 4.7528 हैक्टेयर, (13) मैसर्स भगवती टाईल्स, प्लॉट संख्या-15, क्षेत्रफल 1.1412 हैक्टेयर, (14) मैसर्स भगवती टाईल्स, प्लॉट संख्या-17, क्षेत्रफल 1.8922 हैक्टेयर, (15) श्री अमित सनाढ्य पुत्र स्व. श्री मनोहरलाल सनाढ्य, प्लॉट संख्या-19, क्षेत्रफल 1.2378 हैक्टेयर, (16) श्री अमित सनाढ्य पुत्र स्व. श्री मनोहरलाल सनाढ्य, प्लॉट संख्या-23, क्षेत्रफल 1.6557 हैक्टेयर, (17) श्री भगवती प्रसाद टांक पुत्र श्री मांगीलाल टांक, एम.एल. संख्या-14/2018, क्षेत्रफल 2.6689 हैक्टेयर, (18) मैसर्स शिवशक्ति ग्रेनाईट, एम.एल. संख्या-61/2021, क्षेत्रफल 3.1234 हैक्टेयर है । उक्त खनन मय कलस्टर परियोजना से संबंधित प्रस्ताव बाबत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

2- चूंकि श्री शक्ति सिंह हाड़ा, द्वारा क्वार्टज, फेल्सपार एण्ड ग्रेनाईट माईनिंग प्रोजेक्ट खनन मय कलस्टर परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के सम्बन्ध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

3- चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं समय-समय पर संशोधित प्रावधानों के अनुसरण में सम्पूर्ण कलस्टर की जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।

4- उक्त परियोजना से सम्बधित पर्यावरणीय प्रभाव आकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है :- 1- कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमन्द। 2- कार्यालय जिला परिषद्, राजसमन्द। 3- राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल-4 पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। 4- पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। 5- कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र, राजसमन्द। 6- कार्यालय खान एवं भू-विज्ञान विभाग, आमेट, जिला-राजसमन्द। 7- क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, ए-209- 218, अरण्य भवन, महात्मा गाँधी रोड़ झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर। 8- क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, राजसमन्द। 9- उपखण्ड अधिकारी, कार्यालय, देवगढ़ जिला राजसमन्द। 10- तहसील कार्यालय, देवगढ़, जिला-राजसमन्द।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की आप उक्त प्रस्तावित परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बधित जनसुनवाई हेतु दिनांक 30-04-2025 (बुधवार) को स्थान-ग्राम पंचायत आंजना, तहसील देवगढ़, जिला राजसमन्द पर प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। इस सम्बंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय, राजसमन्द में भी प्रस्तुत कर सकते है।

आज्ञा से- क्षेत्रीय अधिकारी रा.प्र.नि.म. राजसमन्द


# जन-जन के कल्याण को समर्पित है डबल इंजन की सरकार : डॉ बैरवा

**राजसमंद,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। गुरुवार को प्रदेशभर में अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित हुए। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन भरतपुर में हुआ जिसका सभी जिलों में सीधा प्रसारण हुआ।

राजसमंद में आयोजित जिला स्तरीय अंत्योदय कल्याण समारोह में उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी, कुंभलगढ विधायक सुरेन्द्रसिंह राठौड, जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, राजसमंद पंचायत समिति प्रधान अरविन्द सिंह राठौड, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश राय, न.प एक्सईएन तरूण बाहेती, भाजपा नेता माधव चौधरी सहित आमजन मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने पिछले डेढ वर्षों में हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया है। महिला, किसान, व्यापारी, शिक्षा, खेल, गरीब कल्याण सहित ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां राज्य में उल्लेखनीय प्रगति न हुई हो। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति से जुडी हमारी परंपराओं को कायम रखने की दिशा में सरकार ने फैसला लिया हैं कि राज्य में अब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नववर्ष पर ही राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। साथ ही राज्य में पहली बार राजस्थान दिवस के तहत सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें हर दिन विभिन्न वर्गों के लाखों लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा हैं। राजस्थान दिवस के तहत महिला सम्मेलन और किसान सम्मेलनों का आयोजन गत दो दिनों में हो चुका हैं। आज हम यहां गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन में सर्वजन कल्याण के साक्षी बन रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने जिला प्रशासन के प्लास्टिक मुक्त राजसमंद अभियान के तहत आमजन में वितरण के लिए तैयार जुट के बेग का विमोचन किया गया।